न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 02/2024 भागचन्द बनाम लहरी व अन्य	
13.05.2024	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। उपखण्ड अधिकारी बसवा से प्राप्त पत्रांक 384 दिनांक 05.04.2024 द्वारा प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। तथ्यात्मक रिपोर्ट में अंकितानुसार यह प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण पीठासीन अधिकारी श्री ओमप्रकाश वर्मा उपखण्ड अधिकारी बसवा के विरूद्ध पेश किया गया है, उनका स्थानान्तरण उपखण्ड अधिकारी बसवा के पद से उपखण्ड अधिकारी सुजानगढ(चुरू) के पद पर हो चुका है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण श्री ओमप्रकाश वर्मा पीठासीन अधिकरी न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसवा के विरूद्ध पेश किया गया है। तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री ओमप्रकाश वर्मा का स्थानान्तरण होने से विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन होकर इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसवा में में विचाराधीन प्रकरण उनवानी सरकार बनाम भागचन्द आदि अन्तर्गत धारा 145 जा. फौ. को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थी भागचन्द पुत्र श्रीराम जाति मीना निवासी जयसिंहपुरा तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसवा को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 13.05.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुमित्रा पारीक) अति. जिला कलक्टर, दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified
Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2024.05.23 18:23:01 IST
Reason: SelfAttested